DR. E. M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (contd.): When they come to higher studies or professional courses, they have to pay huge amounts. In Tamil Nadu, during Shri Kamraj's period, it was made free. Subsequently, Dr. Kalaignar has also made it free up to the college level. In Andhra Pradesh, students are reimbursed the fees that they pay in professional colleges. This had been done by Shri Y. S. Reddy. Subsequently, Shri Rossaiah has also done it. So, if we want to have development, we should see to it that students in rural area are given free education, especially in research. They are so intelligent that they adapt themselves to every situation very easily. But we are not encouraging them to come up to that level. We are utilizing only their physical energy. We are utilizing them only for manual work. They keep going to countries in the Gulf, in Arab countries and in Europe, even to Malaysia and Singapore, mainly for manual work, but not for mental work. Now, of late, we have been seeing the phenomenon of USA and many European countries outsourcing their work to companies in India, companies in south India which are providing their services at very cheap rates. The young boys and girls who graduate from colleges are able to adapt themselves, just after a month's training, to various jobs including software development and so on. Such is the energy of the common man. That energy is now being tapped again. Previously, our professionals used to go to foreign countries. Now, people even at the Bachelor degree level are going abroad. They are going to foreign countries as very, very cheap labour wherein they are paid a minimum of 2000 dollars monthly; here, we give them just

Rs.2000. Even if they give Rs.20000, even then, there is a profit of Rs.25,000 per head. That is the situation in India. Therefore, we may not adopt their development model, but we have to have this type of a situation. Give power at the local level. Help them. Give more aid to them. Give them more guidance. Show the world how it is working. For example, we enacted one of the best laws for utilizing research and whatever patent or copyright is created at the village level, the community would share the profit. I would like to know how many villages are being benefited by that. At the international level, it has been one of the best laws enacted by this Parliament. But are we utilizing it? Do we have the time to see whether this particular provision is being properly utilized at the village level? How many community people were being benefited by taking away such natural herbs which were available. Our findings on herbs have been utilized by multi-national companies. They give them different names, different colours and then sell them back to us again. The same thing happened during the colonial rule of the British. They took away all our knowledge, our raw materials, put it in the *lanka charan* and brought it here to the same market and sold everything to the same Indians. Similar things are happening here. The Government should think that we must concentrate on the masses rather than the people who have already been lured by money to invest in foreign countries. We are very happy that huge amounts of money are being diverted from public sector undertakings in different names and our own people are purchasing many of the companies. Even today, I saw some US gas company was bought. We are very happy and proud that now Indian corporates are buying UK companies, European and American companies.

We are very proud of that. But, at the same time, are we doing the same thing for our own Indians? They are starving. They are going out of the country. There is an assessment that from Tamil Nadu alone, every year, ten lakh people are migrating to foreign countries in search of jobs.

(Contd. at 2s/kgg)

kgg-sc/2s/3.20

DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (contd.): Such is the situation. How are we going to solve this problem? Therefore, when we talk about environment, it means we are talking about carbon accounting and everything else, which is the creation of the western knowledge, the creation of the western culture. No doubt we are benefited for some time; at the same time, we should not forget our own culture, our own nature which brought us to this level.

India is a very, very great country. It has got natural resources and human resources which can be utilised for hundreds of years if we get a proper leadership at the district-level and at the national level. I used to say that every Member of Parliament should feel proud to be in the highest position in India. People cannot even dream to be a Member and sitting here, which is one of the highest positions in India. We must constantly inquire whether we are doing our jobs as a Member of Lok Sabha or Rajya Sabha so that the same situations available in Mumbai or Delhi or Kolkata are created for our own villages. Are we planning like that? Are we bringing money in their hands? Are we showing a path to them? Some Ministers have occupied the seat of Lok Sabha Membership for fifteen years, twenty years. But, they have not done even a small thing in their constituencies.

Here is our Member, Shri Mani Shankar Aiyar. I can quote him. He is a man who has done a lot in his constituency. He was defeated in the recent Lok Sabha elections. But, he has done many things even sitting in the opposition or in the ruling benches. In whichever Ministry he was, he has done something in his constituency. That is the greatness about him.

Similarly, Sir, whatever programmes we are making at the national level should go to the people. We need not boast ourselves being very resourceful people at the international fora. But, finally, what is the national development we have attained? In which way are our resources utilised? Are they utilised properly? That is the question that we need to answer ourselves.

The Resolution aims to create a situation by which we can address the challenges. Though the modern terminology is used, 'environment adaptation and mitigation fund', I would like to suggest that we have got a huge money as sovereign fund. We are not utilizing it. Now, I am told that some funds may be utilised for the corporate needs and other needs. But, at the same time, Sir, I request that sovereign fund needs to be utilised to see to it that the villages are developed, the Gandhian dream or Rajiv Gandhi's dream comes true, they become self-sufficient villages, they really attain the Rama-Rajya, the real Swaraj or the Grama-Rajya where there would be researches in place, where the environment is looked after, where there would be comprehensive development, where the scientific knowledge is taught, where something new comes out. If we make the small units become vibrant, one day we would realise the entire India

developed. Then, internationally the world would project India as the super-power in every aspect.

(Ends)

श्री अनिल माधव दवे (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, Environment Adaptation and Mitigation Fund की जो बात आयी है और उसको खड़ा करने के लिए आज जिस प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है, मुझे लगता है कि उसे कैसे खड़ा करना है, कितना फंड करना है और उसे कैसे खर्च करना है, इन सब बातों पर बहुत गहराई से विचार करने की जरूरत है क्योंकि सोर्स, रिसोर्सेज़ या फंड, हम जो कुछ भी कहें, उसका मिलना जितना महत्वपूर्ण है, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण उसको खर्च करने का तरीका है क्योंकि हम जानते हैं, हम कॉमन वेल्थ को देख रहे हैं, हम साठ साल से कश्मीर को पैकेज पर पैकेज दे रहे हैं, हम देश के सड़क निर्माण से लेकर बाकी सब संसाधनों के अंदर करोड़ों-अरबों नहीं, कितना ही पैसा खर्च कर चुके हैं, लेकिन इन सब पैसों का कोई परिणाम नहीं निकला। यह केवल इसलिए है क्योंकि खर्च करने के तरीके के साथ हमने न्याय नहीं किया है।

(2टी-एमसीएम पर क्रमशः)

SC/MCM-TDB/2T/3-25

श्री अनिल माधव दवे (क्रमागत) : और यहां पर चूंकि ग्लोबल वार्मिंग, क्लाइमेट चेंज फैशन हो गया है, एक ऐसा विषय है जिसके ऊपर हर कोई बात करना चाहता है, जबकि यह सर्वाधिक तकनीकी विषय है और इसके ऊपर जो चर्चा होनी चाहिए, जो गंभीरता होनी चाहिए, इसलिए यह जो विषय आज उठा है वह बहुत गंभीर है। उसके अंदर मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि इस समय पूरा विश्व दो हिस्सों में बंटा हुआ है, एक विकासशील देश हैं और एक विकसित देश हैं। विकसित देशों का अपना एजेंडा है, उनकी अपनी एक जीवन पद्धति है, उनकी अपनी एक लाइफ स्टाइल है, वे अपने तरीके से जीना चाहते हैं, वे भोग करना चाहते हैं, वे पृथ्वी का तापमान बढ़ाना चाहते हैं और बढ़ा रहे हैं और वे हमसे कह रहे हैं

कि आप त्याग करते रहिए। ये जिन देशों को कह रहे हैं उनके अंदर डवलप्ड कन्ट्रीज हैं, डवलपिंग कन्ट्रीज हैं और छोटे-छोटे देश हैं और वे उनकी छोटी-छोटी गल्तियों को भी निकालते रहते हैं। इसलिए मैं यहां पर एक विषय को जरूर उठाना चाहता हूं। मुझे कहीं न कहीं कोपनहेगन में दीखा था कि गणना करने के तरीकों को भारत में विकसित करना होगा। वे अपने ढंग से आंकड़े लेते हैं, अपने ढंग से उसकी गणना करते हैं, अपने ढंग से वे एक आखिरी कांक्लुजन पर पहुंच जाते हैं और अपने ढंग से आखिर में वे एक धाराप्रवाह भाषण देते हुए हम पर चिपका देते हैं कि गाय के घास चबाने से कार्बन उत्सर्जन होता है, गाय के गोबर से कार्बन उत्सर्जन होता है। चूंकि हमारे पास कोई आर0एंड डी0 नहीं है इसलिए हम मान लेते हैं कि हां, होता है। जब वे हमसे कहते हैं कि यहां चूल्हा जलने से इतना कार्बन उत्सर्जन हो रहा है, तो हम मान लेते हैं कि हां हो रहा है, भारत के अंदर बहुत ज्यादा हो रहा है। ऐसा केवल भारत के साथ ही नहीं है, सारे विश्व के उन विकासशील देशों के साथ है। चूंकि हमारे पास गणना करने का कोई मकेनिज्म नहीं है। इसलिए मैं मंत्री जी से आग्रह करुंगा कि भारत के अंदर इस पूरे कार्बन वर्ल्ड को समझने के लिए इसकी एक गणना करने की वैज्ञानिक पद्धति भारत में विकसित करनी चाहिए। विश्व को गणित हमने सिखाया। इसलिए अगर हम इस पूरी व्यवस्था के एक-एक पक्ष के ऊपर किस चीज से कार्बन उत्सर्जन हो रहा है, किस चीज से आक्सिजन आ रहा है, किससे कितना मिल रहा है और किससे कितना नहीं मिल रहा है और ऐसा करते समय मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसके अंदर कृपा करके जो सरकारी ढांचा है उसकी व्यवस्था में इनको न लगाया जाए। अगर हमें इसके अंदर लगाना है तो IIM, IFS और बाकी जो सारी संस्थाएं हैं -IIFM जितने भी संस्थान हैं, जो ऐसे संस्थान हैं, जिनमें उस विषय के अंदर ऊर्जावान नौजवान हैं उनको लगाएं और अगर उन्हें सही तरीका दिया तो वे निश्चित ही गणना कर सकेंगे। हम भारत में ऐसी व्यवस्था खड़ी करें कि जब हम 2010 के आखिर में मेक्सिको जाएं या आगे विश्व में अलग-अलग जगहों पर जाएं तो हम उनके आंकड़ों को काउंटर कर सकें और हम कह सकें कि आपकी गणना गलत है, सही गणना का तरीका

यह है, हमने कच्चे आंकड़ों का संग्रह यह किया, इसकी गणना इस पद्धति से की है, इस पद्धति से गणना करने के बाद यह निष्कर्ष निकलता है, क्योंकि सारी पौलिसीज का जो बेसिक है वह बेसिक निष्कर्षों के ऊपर निकला हुआ है। आप देखिए, देखते ही देखते भारत को डम्पिंग यार्ड बना दिया गया। कहा जाता है कि आप हमारे यहां से कम्प्यूटर ले जाइए, क्योंकि आपके स्कूलों में कम्प्यूटर नहीं हैं। ऐसे कम्प्यूटर अब जिनकी एक साल, डेढ़ साल या दो साल की लाइफ बची है, जो आज से 20-30 साल पहले विकसित देशों के अंदर प्रयोग होते थे, वे सब हमारे यहां लाकर के रख दिए जाते हैं और देश के ग्रामीण क्षेत्रों के अंदर अलग-अलग प्रकार से एन0जी0ओज0 और बाकी संस्थाएं जो योजनाएं चलाती और सारे कम्प्यूटर लग जाते हैं और अब मुश्किल से वहां बिजली नहीं पहुंच रही है तो वहां कम्प्यूटर क्या लगने वाला है। इस कारण वे सारे कम्प्यूटर कचरा घर बन जाते हैं, वे ठीक वैसे ही बन जाते हैं, क्योंकि भोपाल में मैं देखता हूं कि चाहे इजतिमा हो रहा हो या दुर्गा पूजा हो रही हो, करोड़ों की संख्या में लाखों कपड़े विदेशों से भारत आते हैं और बिक जाते हैं। भारत कपड़ों का डम्पिंग यार्ड बन रहा है, भारत ई-प्रोडक्ट का डम्पिंग यार्ड बन रहा है। डिस्मेंटल होने वाले सारे जहाज भारत के अंदर लाकर के डिस्मेंटल किए जाते हैं। मैं खुद जाकर के एक-दो डिस्मेंटलिंग याड्र्स को देख चुका हूं, लोग गाड़ियां ले-लेकर आते हैं, वे पुरानी टाइप की कुर्सियां, पुराने टाइप की गद्दियां, पुराने टाइप के वाश बेसिन जो-जो उस जहाज में से निकलते हैं, वे सब निकाल-निकाल कर ले जाते हैं और वे कहीं प्रयुक्त नहीं होते हैं। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि जो बहुत गहरा दिमाग लगा करके डवलप्ड नेशन के लोग पौलिसी बनाते हैं, वे अपने इस प्रकार के सारे वेस्ट को भारत के अंदर डाल रहे हैं और केवल भारत में ही नहीं डाल रहे हैं,.....

(2U/gs पर क्रमशः)

श्री अनिल माधव दवे (क्रमागत) : हमारे अतिरिक्त सारे विकासशील देश जहां इसकी आवश्यकता हो सकती है, वे इससे प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए हमको इससे बचना चाहिए। कहीं न कहीं हमें पॉलिसी और गणना के अंदर परिवर्तन करने की जरूरत है, वरना हम धीरे-धीरे डम्पिंग यार्ड बनते जाएंगे और आज से पांच-सात साल बाद ये सारे लोग हमसे कहेंगे कि आप के यहां पर इतना waste है। हर दर्जे का मेडिकल waste आज शहरों के अतिरिक्त, नगरों के अतिरिक्त गांवों में विकसित होने लग गया है। वह केवल इसलिए हो रहा है कि हमने एक लाइन अडॉप्ट कर ली, हमको लगता है allopathy ही pathy है rest no pathy. हमको लगता ही नहीं है कि कोई होम्योपैथी होती है। हम हर एक को कहते हैं कि वह झोलाछाप डाक्टर है। अजीब तमाशा लगा रखा है। पांच सौ साल पहले ब्रुश करने की औकात नहीं थी, ठीक से तुम जीभ साफ नहीं कर रहे थे और हमको बोल रहे हो कि आयुर्वेदिक ठीक पैथी नहीं है, होम्योपैथी ठीक पैथी नहीं है, नेचुरोपैथी ठीक पैथी नहीं है, लेकिन ठीक है, । disagree यानी कोई यह कहता है कि एलोपैथी की आलोचना हो रही है। इमरजेंसी में एलोपैथी से अच्छी कोई पैथी नहीं है, कुछ मामलो में इसके अलावा कोई substitute नहीं है, लेकिन अजीब पागलपन है, सारे अस्पतालों से से waste निकल रहा है, उस waste को ठीक से सम्भालने का कोई मैकेनिज्म नहीं है। उसी के कारण सारी नदियां प्रदूषित हो रही हैं, सारे तालाब प्रदूषित हो रहे हैं, सारा अंडरग्राउड वाटर का रिर्सोस प्रभावित हो रहा है। ये सब पॉलिसी के अंदर परिवर्तन के कारण हो रहा है और जब तक हम पॉलिसी में परिवर्तन नहीं करेंगे, ग्लोबल वार्मिंग को भारत अकेला सम्भाल नहीं पाएगा । हमें इस पॉलिसी को सभी देशों के सामने लाना पड़ेगा, यानी हमें उनको अंतत्वोगत्वा समझाना पड़ेगा कि भैया हम जो मार्ग बता रहे हैं, यही रास्ता काम करने का है। होता यह है कि दो सौ, ढाई सौ साल हम लोग गुलाम रहे, तो हमें गोरी-गोरी चमड़ी और वैसी ही भाषा हमको इतना प्रभावित करती है कि हमको लगता है कि ये जो बोल रहे हैं, ये सत्य बोल रहे हैं और यह जो तेलगु में बोल रहा है यह ठीक नहीं बोल रहा

है, यह जो असमिया में बोल रहा है यह ठीक नहीं बोल रहा है, यह जो हिन्दी में बोल रहा है यह ठीक नहीं बोल रहा है। भाषा के माध्यम से कंटेंट की गुणता नहीं बदलती है। कोई अपराध कर देने पर दुनिया की किसी भी भाषा में बोलिए, उससे अपराध का अर्थ नहीं बदलता। सत्य और अच्छी बात दुनिया की किसी भी भाषा में बोल देने से उसका अर्थ नहीं बदलता है। मेरे कहने का तात्पर्य इतना ही है कि कितना असंवेदनशील विश्व का नेतृत्व करने वाला समाज है, उसका मैं एक ही उदाहरण आपके सामने देता हूं। कोपनहेगन के अंदर टुआलू से आए हुए वनवासी दर-दर भटक रहे थे, एक-एक काउंटर पर जाकर कह रहे थे कि हमें बचाओ, हमें बचाओ। टुआलू न्यूजीलेंड के ईस्ट में और फिलीपींस के साउथ में टापुओं का एक छोटा सा समूह है। वहां मुश्किल से तीन या साढ़े तीन हजार वनवासी रहते हैं। उनकी सोलह अक्षरों की भाषा है और वह चीख-चीख कर कह रहे थे कि भाई साहब 1.5 डिग्री टेम्परेचर अगर इस पृथ्वी का बढ़ेगा, तो हम इस पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग के कारण विस्थापित होने वाले पहला समाज हैं। लेकिन कोई उनको सुनने को तैयार नहीं था। लोग बिना बताए एक दूसरे के कमरे में घुस रहे हैं और बातचीत करने के लिए जा रहे हैं और वहां वे लोग चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे हैं कि साहब हमको सुन लो, हमको सुन लो, लेकिन कोई उनको सुन नहीं रहा है। ऐसे असंवेदनशील लोग इकट्ठा होकर कह रहे हैं, अरे संवेदना होनी चाहिए। जो टापू 1.5 डिग्री पर डूब जाएगा, जिसके लोगों को विस्थापित करके कहीं और ले जाना पड़ेगा, उनकी संवेदना को न समझते हुए, लोग दो डिग्री टेम्परेचर के ऊपर समझौता कर रहे हैं। कोपनहेगन समझौता 2.0 डिग्री पर है। यह अनिवार्य नहीं है, ऐच्छिक है, लेकिन वह समझौता 1.5 पर नहीं है, वह समझौता 2.0 डिग्री पर है। मेरे कहने का तात्पर्य इतना ही है कि जो ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को समझने का सिस्टम है, इस सिस्टम के अंदर भारत को लीड लेनी पड़ेगी। क्योंकि बाकी जो लीड लेने वाले देश हैं, वे असंवेदनशील हैं, वे आत्मकेन्द्रित हैं, उनको अपने अलावा कुछ सूझता ही नहीं है। उनको दिन भर यही लगता है कि मेरे लिए खाने का हो जाए, मेरे लिए पहनने का हो जाए, मेरे लिए नहाने का हो जाए, उनकी वसुधैव कुटुम्बकम की कल्पना है ही

नहीं । उन्होंने जब आंख खोली और उनकी सिविलाइजेशन ने जब जन्म लिया, तो उन्होंने सबसे पहले यह कहा कि देख भाई आडम्बर हौवा यह संसार जो है तेरे भोग के लिए बना है, तुम दोनों ऐश करो और अपने संसार में वृद्धि करो। यह बकरी तेरे खाने के लिए, यह पेड़ तेरे खाने के लिए, यह जंगल तेरे लिए हैं, ये नदियां तेरे लिए हैं, इन सब को तू उजाड़ दे, तेरे लिए सब कुछ है। हमने कहा,

'तेन त्यक्तेन भुंजीथा' लेकिन इसको जब तक आप भारत की गलियों में गायेंगे, तब तक इसका महत्व नहीं है।

(2W/asc पर जारी)

ASC-SSS/2W/3.35

श्री अनिल माधव दवे (क्रमागत) : शिकागो के धर्म सम्मेलन में एक संन्यासी खड़ा होकर जब दस मिनट का भाषण देता है, तो हजारों की संख्या में लोग उसके पीछे दोड़ने लगते हैं। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि भारत के लोगों को ही विश्व के रंगमंच पर ग्लोबल वार्मिंग और कार्बन के सारे विषयों को लेकर नेतृत्व करना पड़ेगा और हमें उसमें अपनी बेसिक लाइन को नहीं छोड़ना है। अगर यह फंड खड़ा करने वाला विषय आता है, तो इसके अंदर भी मुझे लगता है कि इसमें दो-तीन चीजें मेरे विवेक से जोड़ी जानी चाहिएं, हम सारी चीजें जोड़ते हैं। हर प्रोडक्ट के साथ Pre and post environment cost जोड़ी जानी चाहिए। एक बार प्रोड्यूस करने के लिए आप कितना कार्बन उत्सर्जन कर रहे हैं, इस कार की manufacturing cost में नहीं जोड़ेंगे। आप कार के अंदर मेटल की cost जोड़ रहे हैं, labour जोड़ रहे हैं और इंवेस्टमेंट की बाकी सारी चीजें जोड़ रहे हैं, लेकिन environment cost नहीं जोड़ रहे हैं, pre-production environment cost किसी भी प्रोडक्ट के साथ। एक पेन को पैदा करने में कितना कार्बन उत्सर्जन हो रहा है, आपको लग रहा है कि तीस पैसे का हो रहा है, तो उसमें तीस पैसे जोड़ दीजिए। उसकी MRP के अंदर उसे आने दीजिए और उसकी post production cost भी जोड़ी जानी चाहिए। आपने एक कार बनाकर सड़क पर चला दी। वह

कार दस साल या बीस साल तक कार्बन उत्सर्जन कर रही है, वह कार्बन उत्सर्जन कैसे मिटिगेट होगा, कैसे उसका समझौता होगा, उसका कोई माध्यम नहीं है, कोई तरीका नहीं है। इसका यही तरीका है कि हमें उपभोग को कम करना है, क्योंकि पूरी civilization भोग वाली हो गई है, मैं कभी-कभी सोचता हूं कि हम कितने ज्यादा AC में रहने के आदी हो गए हैं और हमारी Non-AC life की कल्पना खत्म हो गई है। आज भारत का कितना ऐसा हिस्सा है, जो Non-AC में रहता है। अगर सारे विश्व के लोग AC में रहने लग जाएंगे, इतनी विद्युत पैदा करने के लिए अगर इतना कार्बन उत्सर्जन होने लग जाएगा, तो कुछ करने की जरूरत नहीं है और दो डिग्री या दस डिग्री तक टेम्प्रेचर बढ़ जाएगा। क्योंकि वहां इस समय लीड करने वाला आदमी नहीं है, बल्कि एक गरीब आदमी है, एक पिछड़ा है, वनवासी है और वह झुग्गी बस्ती में रह रहा है तथा वह अपनी बात को कह नहीं सकता है, बस इतनी सी बात है। अगर हमारे यहां रात को लाइट चली जाए और AC बंद हो जाए, तो दूसरे दिन ही हल्ला मच जाता है। वह इसलिए हो रहा है। सब मामलों में Pre and post production cost जोड़ी जानी चाहिए, चाहे environment cost कहिए या चाहे जिस किसी cost base पर हो। यह फंड कलैक्शन का एक बहुत ही नायाब तरीका हो सकता है, क्योंकि ऐसा करके हम consumerism को कम कर सकते हैं, उपभोक्ताओं को अपने आप कष्ट होगा। जैसे tobacco का consumption है, cigarettes की consumption है, आप इसकी cost बढ़ाकर consumption कम करिए। हमें कोई चिंता नही है, जिनको पीना है, पीजिए। यदि पांच रुपए की cigartte 12 रुपए में मिलती है, फिर भी पीजिए, एटोमेटिकली वह धीरे-धीरे कम होने लगती है। मेरे कहने का तत्पर्य यह है कि इसमें कहीं न कहीं Pre and post production cost जोड़ी जानी चाहिए।

मेरा दूसरा प्वाइंट यह है कि जैसे हम फाइनैंस के अंदर balance sheet बनाते हैं, वैसे ही environment की भी balance sheet बननी चाहिए। यह हर व्यवस्था, व्यक्ति, संस्था, प्रथा हर एक का बताते हैं कि एक आफिस है, यह स्ट्रक्चर है, यह 12 मंजिला भवन है। इसकी balance sheet क्यों नहीं बननी चाहिए? इसके अंदर जो power consumption हो रहा है

और power consumption को प्रोड्यूस करने के लिए जितना मुझे कार्बन उत्सर्जन करना पड़ रहा है, मैं उस काबर्न उत्सर्जन को उसके अंदर जोड़ दूं, तो अंततोगत्वा यह मालूम पड़ेगा कि इस बिल्डिंग की, इस साल की environment balance sheet क्या है। अगर मान लीजिए मैंने उस बिल्डिंग के ऑनर होने के नाते अंदर consumerism किया है और कहीं पर जाकर दो हजार पेड़ लगाए हैं, तो मैं उसको compensate करूंगा, अपने उससे उसको बैलेंस करूंगा। मैं इसके अंदर corbon trading के विपरीत हूं। corbon trading एक महापाप जैसा काम है। मैं पहले भी कह चुका हूं कि मैं पाप करूंगा, आप पुण्य करिए। साल के आखिर में, मैं अपने पाप आपके पुण्य से खरीद लूंगा और दोनों मिल जाएंगे। आज विकसित और विकासशील देशों के अंदर एक हौवा खड़ा हुआ है कि ज्यादा से ज्यादा पैसे ले लो। अरे भाई, आप समझ नहीं रहे हैं कि विकसित देश आपको corbon trading के नाम पर अपने यहां का सारा कचरा भेज रहे हैं। वे आप से कह रहे हैं कि आप पेड़ लगाओ। अरे, तुम क्यों नहीं पेड़ लगाते, तुम्हें क्या हो गया है, G-7 nations तुम करो इस काम को। कल यहां पर जो स्वाभिमान से सशक्त, सम्पन्न बात चल रही थी, मैं उस पर नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन हम जिस ढंग से foreign delegation से बात करते हैं, तो ऐसे झुक जाते हैं, ऐसे गिर जाते हैं, हमें ऐसा लगता है कि जैसे हम अभी गिरने वाले हैं। अरे भाई, ऐसा क्या आसमान उलट गया है। आखिर China प्रमुख चौराहे के ऊपर टैंक चला लेता है, लेकिन विश्व का सबसे बड़ा शासक उससे बात करने जाता है। ताकत के सामने दुनिया झुकती है।

(क्रमशः 2X/LP पर)

LP/2X/3.40

श्री अनिल माधव दवे (क्रमागत) : ताकतवर हो जाएंगे, तो सब कुछ हो जाएगा। कहने का तात्पर्य इतना ही है कि हमें ई-बैलेंस शीट बनानी चाहिए। ई-प्रोफिट एंड लॉस अकाउंट हर व्यवस्था में खड़ा होना चाहिए, हर संस्था में होना चाहिए, चाहे वह सोशल संस्था हो, चाहे नॉन प्रोफिट मेकिंग ऑर्गेनाइजेशन हो, चाहे प्रोफिट मेकिंग ऑर्गेनाइजेशन हो, अगर वह पावर

कंजप्शन कर रहा है, अगर वह कहीं पर पॉल्युशन खड़ा कर रहा है, एक्सेप्ट ह्यूमन बींग, मनुष्य है, उसको मत काउंट कीजिए, क्योंकि वह अनिवार्य है, वह जानवर है, आप उसको कैसे काउंट करेंगे, लेकिन अपने लाइफ स्टाइल के कारण यदि उसके अंदर पावर कंजप्शन हो रहा है, अगर कहीं पर लाइफ स्टाइल के कारण कार्बन उत्सर्जन हो रहा है, तो मुझे लगता है कि धीरे-धीरे उसकी बैलेंस शीट बनाने की एक व्यवस्था खड़ी होनी चाहिए। एकाउंटिंग नहीं होने से ही यह झंझट है। पूरी व्यवस्था के अंदर हिसाब ही नहीं है कि फाइल चल क्यों नहीं रही है। जो देखो वह यही कारण बताता रहता है कि फलाने सेक्रेट्री ने उसको लिख दिया, उसने उसको लिख दिया, उसने उसको लिख दिया। 63 साल हो गए हैं, अगर इस देश के अंदर स्कूल नहीं हैं, तो इसके लिए कौन जवाबदेह है? व्यवस्था ठीक नहीं है तो कौन जवाबदेह है? अगर स्वर्ण चतुर्भुज नहीं बनता है और ईस्ट-वेस्ट, नॉर्थ-वेस्ट कॉरीडोर और गांव की सड़कें ठीक नही होती हैं, तो मुझे बताइए कि पचास साल के अंदर टोटल वियर एंड टियर कितना है? पचास साल के अंदर अनावश्यक फ्यूल जला-जलाकर आपने टोटल कितना कार्बन उत्सर्जन कर दिया? यह केवल इसलिए कर दिया, क्योंकि उस विषय के अंदर हमारी पॉलीसीज गलत थीं। यदि हर मामले में बैलेंस शीट बनेगी तो हम बहुत जल्दी किसी चीज को चैक कर लेंगे। हर साल के अंत में ही चैक कर लेंगे कि देखिए, आपका कार्बन उत्सर्जन ज्यादा हो रहा है, लॉस ज्यादा हो रहा है, अब आप प्रोफिट पैदा करने के लिए कुछ न कुछ कीजिए। मुझे लगता है कि इसके अंदर कुछ करने की जरूरत है। इसी के आधार पर ई-टैक्स और ई-बोनस भी लगाना चाहिए। ई-टैक्स और ई-बोनस अंततोगत्वा कभी न कभी हमारी टैक्सेशन प्रणाली का हिस्सा बनेगा। आज नहीं बनेगा, दो साल बाद बनेगा, चार साल बाद बनेगा, लेकिन ई-टैक्स जरूर लगना चाहिए, क्योंकि जब तक हम टैक्स को महत्वपूर्ण नहीं बनाएंगे, तब तक व्यवस्था ठीक नहीं होगी। अंत में इतना ही कहता हूं कि अगर इस ग्लोबल वार्मिंग का कोई आन्सर है, अगर इस कार्बन उत्सर्जन से विश्व लड़ रहा है और इसका कोई अंतिम उत्तर है और किसी एक के पास है, वह यह है कि यदि किसी को आपत्ति हो कि मुझे वैदिक वे कहने

में आपत्ति है, तो मैं कह दूंगा कि हिंदू वे कह दो, वह कहेगा कि हिंदू वे कहने में आपत्ति है, सांप्रदायिक है, तो मैं कह दूंगा कि गांधियन वे कह दो, वह कहेगा कि मुझे गांधियन वे कहने में आपत्ति है, तो मैं कहूंगा भैया, लोहिया वे कह दो, वह कहेगा इसमें भी आपत्ति है, तो मैं कहूंगा कि दीनदयाल वे कह दो, वह कहेगा कि नहीं, मैं इसको तिलक वे कहूंगा, तो मैं कहूंगा कि आप यह कह दो, कोई भी नाम दे दो, इस देश की जो वे ऑफ लाइफ है, वही इस विश्व को कार्बन उत्सर्जन से बचा सकती है। हमने कहा है, *तेन त्यक्तेन भुंजिथा,* विश्व के अंदर हम हैं, जो कहते हैं ऊँ द्यौः शांति, अंतरिक्ष शांति। ऐसा कौन कहता है? भारत का सिपाही कारगिल में लड़ता है तो उसका हृदय और उसकी जांघ काटने में लोगों को मजा आता है। यह सिविलाइजेशन है और हम कह रहे हैं ऊँ द्यौ शांति, अंतरिक्षं शांति, वनस्पतयः शांति। यह सिविलाइजेशन है। यह सिविलाइजेशन आगे जाकर इस देश को नहीं, विश्व को ग्लोबल वार्मिंग से बचा सकती है। इसलिए हमें इसको विकसित करना पड़ेगा और विश्व के धरातल पर जाकर लोगों को समझाना पड़ेगा कि This is the right way, follow this. आप विश्व के रंगमंच पर लीडर के रूप में कहिए, रिरियाते और मिमियाते हुए मत कहिए। हम सोना बेच रहे हैं, धूल नहीं बेच रहे हैं। जब सोना बेच रहे हैं, तो हम टाइम टैस्टिड सिविलाइजेशन की बात कर रहे हैं। दूसरे सिविलाइजेशन को अभी पांच सौ, सात सौ, हजार, दो हजार साल से ज्यादा नहीं हुए हैं। हम टाइम टैस्टिड सिविलाइजेशन हैं। हम कह रहे हैं कि हम जो कह रहे हैं, वह सही है, हम इसके अंदर करेंगे। हमें छोटी-छोटी चीजों को उठाना चाहिए, बहुत बड़ी बातों का महत्व नहीं है। जैसे जब मैं कॉलेजों के अंदर जाता हूं तो छात्रों से कहता हूं कि आप एक साल तक जींस पर प्रैस मत करो। क्या आप बिना प्रैस किया हुआ जींस पहन सकते हो? यूं भी जींस पर प्रैस नहीं करनी पड़ती है। एक कॉलेज की छात्रा पूछती है कि इससे क्या होगा? मैंने कहा कि इससे यह होगा कि अगर तुम एक साल तक जींस पर प्रैस किये बिना पहनोगे, ऐसे ही अच्छे से नीटली सुखा दोगे या मां से कहोगे की ठीक से सुखा दीजिए, तो अठारह किलो कार्बन उत्सर्जन नहीं होगा। एक व्यक्ति के रूप में तो तुम इतना कर ही सकते हो। मेरे हिसाब से

इस देश के अंदर जो अठारह किलो कार्बन उत्सर्जन होना है, वह नहीं होगा। इसके लिए हर आदमी को कंट्रीब्यूट करना होगा। यह गोवर्द्धन का पर्वत है। कृष्ण की छोटी उंगली लगी थी, लेकिन इसमें सारे लोगों की ताकत लगेगी, वरना वही होगा, जो भारत के साथ हो रहा है कि जो करेगी, सरकार करेगी, सड़क सरकार बनाएगी, कश्मीर में शांति सरकार लाएगी, दुनिया में सारी झंझटों का निबटारा सरकार करेगी, देश की सीमाएं सरकार सुरिक्षत रखेगी और हम क्या करेंगे? हमारी मुंह पर कपड़ा बांधते हुए फोटो छपेगी।

(AKG/2Y पर जारी)

AKG/2Y/3.45

श्री अनिल माधव दवे (क्रमागत) : जब गाजा पट्टी के अन्दर फोटो छपते थे, तो मैं कहता था कि मत छापो, इसका spread effect होने वाला है। कालान्तर में spread effect देखने को मिल रहा है। कश्मीर में और कश्मीर के बाद हिन्दुस्तान के कोने-कोने में देखने को मिलेगा। यह spread effect होता है, अच्छी बातों का भी होता है और बुरी बातों का भी होता है। गाँधी जी गलत नहीं थे। गाँधी जी खाने-पीने, रहने-जीने की जो life बताते थे, वे गलत नहीं कहते थे। मेरे कहने का तात्पर्य इतना ही है कि अगर हम इन सब बातों के ऊपर ध्यान देंगे और इन सब बातों को आगे ले जाएँगे, तो मुझे लगता है कि ग्लोबल वार्मिंग को लेकर हम जो फंड develop करने जा रहे हैं, हम उसको खड़ा भी कर पाएँगे और उसे खड़ा करके ठीक से utilize कर पाएँगे। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

(समाप्त)

श्री ब्रजेश पाठक (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय। आज सदन में बहुत गम्भीर विषय पर, जो भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए गम्भीर चिन्ता का विषय है, हम चर्चा कर रहे हैं। हमारे विद्वान साथी, जो अर्थशास्त्री रहे हैं, धीरे-धीरे उनका दूसरा रूप भी पर्यावरणविद् के रूप में सामने आ रहा है। ऐसे साथी, श्री एन.के. सिंह जी, को भी हम इस

सदन में धन्यवाद ज्ञापित करना चाहेंगे। ... (व्यवधान) ... जयराम रमेश साहब तो इस समय लीडर हैं ही। सभी लोग इनसे खुश हैं, इनके साथी, जो बाईं तरफ बेंचों पर बैठते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र) : दोनों पर्यावरणविद् हैं।

श्री ब्रजेश पाठक : आज मैं "पर्यावरण अनुकूलन एवं राहत कोष (EAMF)" के बारे में बोलने के लिए खड़ा हूँ। कार्बन उत्सर्जन से भारत सहित पूरी दुनिया में पर्यावरण के लिए जो चुनौती उत्पन्न हुई है, उसके लिए इसके द्वारा एक ऐसी निधि की व्यवस्था करना है, जिससे हम पर्यावरण को संरक्षित कर सकें और मानव जीवन एवं मानव सभ्यता को सुरक्षित रख सकें। लेकिन इसके परिप्रेक्ष्य में कार्बन उत्सर्जन के बारे में, पर्यावरण से छेड़छाड़ के बारे में ज्यादा न बात कहते हुए, क्योंकि हमारे साथी इस पर बहुत कुछ कह चुके हैं, मैं यह कहना चाहता हूँ कि मानव सभ्यता ने जैसे-जैसे विकास किया, जैसे-जैसे विज्ञान के चमत्कार हमारे बीच आए, हमने प्रकृति से छेड़छाड़ करना शुरू किया। मौसम को उलटने के लिए हमने मशीनें बना डालीं। आज कितनी भी गर्मी हो, अगर 48 डिग्री temperature हो, तो भी भइया कम्बल ओढ़ते हैं। कुदरत ने, भगवान ने, प्राकृतिक व्यवस्था ने जाड़ा, गर्मी और बरसात बनाए, लेकिन हमने उनको उलटने का काम किया। धीरे-धीरे इसका प्रचलन इतना अधिक हुआ कि गर्मी है, तो ठंड होगी और ठंड है, तो हीटर चलेगा, तो हमारा कमरा गर्म रहेगा। उसका परिणाम यह हुआ कि प्राकृतिक व्यवस्थाएँ छिन्न-भिन्न होने लगीं। चूँकि भारत विकासशील देश है, हमने इस ओर सोचना शुरू किया। लेकिन हमारे सोचने के साथ ही वे देश, जो पूरी दुनिया में अपनी दादागिरी चला रहे हैं, जो पूरी दुनिया में स्थापित हो चुके हैं, जो पूरी दुनिया में अपने को साबित कर चुके हैं कि सबसे बड़े संत वे ही हैं, उन्होंने पूरी दुनिया का सम्मेलन बुला कर यह साबित करना शुरू किया कि जो लोग पर्यावरण से छेड़छाड़ कर रहे हैं, वे लोग उसमें अपनी हिस्सेदारी दें और बराबर-बराबर का खर्च हो। हमने अखबारों में पढ़ा, प्रायः निकलता रहता है कि दूसरी दुनिया के देश, जिनके पास क्षमताएँ अधिक हैं, वे छोटे देशों के ऊपर, विकासशील देशों के ऊपर यह दबाव बनाते हैं कि आप पर उतनी ही जिम्मेदारी है,

जितनी हमारी है। लेकिन जहाँ तक मेरी समझ में आता है, भारत को इस बात को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में दमदार तरीके से रखना चाहिए कि भारत चुनौतियों से निबटने के लिए तैयार रहा है और इस मुद्दे पर भी हमेशा तैयार रहेगा। हमारे साथी, दवे साहब अभी बता रहे थे कि भारत में जो भी उत्पादन की जाने वाली वस्तुएँ हैं, जो कार्बन उत्सर्जन करती हैं, उन पर हम कोई ऐसा टैक्स लगाएँ कि उनके प्रयोग के बाद टैक्स न लेना पड़े। उत्पादन के साथ ही, क्रय करने के साथ ही, हम उन पर permanent रूप से कोई ऐसा टैक्स लगा दें कि जो जितना कार्बन उत्सर्जन करेगा, उसी मात्रा में उसे कर अदायगी करनी पड़ेगी।

(2जेड/एससीएच पर जारी)

SCH/3.50/2Z

श्री ब्रजेश पाठक (क्रमागत): और हम एक ऐसे फंड का निर्माण करें, ऐसे कर ढांचे का निर्माण करें कि आने वाले चुनौतियों से निपट सकें और अपने पर्यावरण को अपनी प्रकृति को बचा सकें। साथ ही साथ मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा, जब भी विश्व में ऐसे सम्मेलन आयोजित होते हैं, तो भारत को अपनी बात मज़बूती से रखनी चाहिए कि हम तो पर्यावरण से लड़ने के लिए तैयार हैं, आप बताइए, सबसे ज्यादा कार्बन का उत्सर्जन तो आपने ही किया है, आपने ही सबसे ज्यादा प्रकृति के साथ छेड़-छाड़ की है, प्रकृतिक व्यवस्थाओं को सबसे ज्यादा आपने ही तोड़ा-मरोड़ा है, तो आप हमें कितना टैक्स देने जा रहे हैं? अगर आप योगदान करोगे तो भारत योगदान में किसी भी कदम पर आपसे पीछे नहीं रहेगा।

ज्यादा वक्त न लेते हुए, मैं एक ऐसे बिल का समर्थन करना चाहूंगा, जो वास्तव में पूरे भारत ही नहीं पूरी दुनिया में मानवता के लिए लाया गया है। मैं एक ऐसे बिल का समर्थन करता हूं और श्री एन.के. सिंह जी का आभार व्यक्त करता हूं कि वह एक ऐसे प्रस्ताव को लेकर आए हैं, जो पूरे भारत ही नहीं पूरी दुनिया के लिए चुनौती बन चुका है। जय हिन्द, जय भारत। (समाप्त)

श्री समन पाठक (पश्चिमी बंगाल): उपसभाध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। माननीय सदस्य जो रैज़ोल्यूशन लेकर आए हैं, मैं उसका पुरजोर समर्थन करता हूं। मेरे माननीय पूर्ववक्ता ने विस्तार से सभी बातें बताई हैं कि एक ऐसा सैंट्रल फंडिंग सिस्टम हो, जिसके तहत हम लोग पर्यावरण से सही ढंग से निपट सकें। यह जो प्रस्ताव लाया गया है, मैं इसका समर्थन करता हूं। प्रस्तावक ने अपना रैज़ोल्यूशन रखते वक्त जो भी बात कही है, वह बिल्कुल सही है कि आज की परिस्थिति में पर्यावरण की समस्या बहुत गंभीर रूप धारण कर रही है। दुनिया के कई विकसित देश, डेवलप्ड कंट्रीज़ बाकी देशों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही हैं। पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेवार ग्रीन हाउस गैस का आज के पर्यावरण के ऊपर जो प्रभाव पड़ रहा है, मुख्य रूप से इसकी जिम्मेवार डेवलप्ड कंट्रीज़ हैं। आज अगर हम ग्रीन हाउस गैस के आंकड़ों को देखें तो हम लोग ग्रीन हाउस गैस का जितना उत्पादन करते हैं, वह मिनिमम है। जो देश ग्रीन हाउस गैस का ज्यादातर उत्पादन कर रहे हैं, और जिसके कारण आज पूरी पृथ्वी को संकटमय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, वही देश दूसरे देशों को मैंडेट कर रहे हैं कि आप अपने पर्यावरण में अमुक-अमुक सुधार करें। पर्यावरण के विषय पर जब भी कोई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन होता है, वही देश इस बात पर सबसे अधिक प्रेशर डालते हैं, जो स्वयं इसके लिए जिम्मेवार है। जिन डेवल्प्ड कंट्रीज़ के कारण दुनिया भयावह परिस्थिति की ओर जा रही है, वही रेज़ोल्यूशन लाकर बोलते हैं कि तुम यह करो, वह करो। लेकिन दु:ख की बात यह है कि हम भी अपनी सार्वभौमिकता को तिलांजलि देकर उनके एजेंडा को मान लेते हैं और उस पर साइन करके आ जाते हैं कि ठीक है, हम अमुक को 2% से अधिक नहीं बढ़ाएंगे अथवा यह करेंगे, वह करेंगे। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है।

PSV/3A पर जारी

श्री समन पाठक (क्रमागत): माननीय पाठक जी सही कह रहे थे कि आज दुनिया के सामने हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है। हमारे भारत में जो हरियाली है, पर्यावरण को किस तरह से बचाना है, हम लोग परम्परा से ही इसका रख-रखाव करते आ रहे हैं। हम लोग हमेशा ही पर्यावरण सम्बन्धी जो भी विषय हैं, उसमें यह हरियाली है, नदी-नाले आदि हैं, इन सब के साथ भारतवर्ष की जो भौगोलिक स्थिति है, यहाँ का जो ट्रेडिशन है और यहाँ का जो कल्चर है, ये सब हम लोगों के नेचर से मिले-जुले हैं। अपने नेचर के साथ मिलकर ही हम लोग आगे बढ़ते हैं, इसलिए यदि आज पर्यावरण संरक्षण के लिए अगर कोई सबसे ज्यादा गम्भीर है, सबसे ज्यादा कंसर्न्ड है तो हमारा देश है। इसलिए हमें विश्व के दूसरे देशों को बताना चाहिए कि इस पर्यावरण का संरक्षण कैसे किया जाए, वे आज हमारे एजेंडे पर बात करें। कोई भी इंटरनेशनल सेमिनार में हम किसी के, यू0एस0 के या किसी अन्य डेवलप्ड कंट्री के, एजेंडे पर हम बात क्यों करें, हम अपने एजेंडे पर बोलेंगे कि आप हमसे सीखो, हमारे देश से यह सीखें कि इसमें क्या करना है और पर्यावरण को कैसे बचाना है।

सर, माननीय सदस्य जो रिजोल्यूशन लाये हैं, उसमें इस वक्त यह सबसे सही होगा। आगे पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमारा अपना एक फंडिंग सिस्टम का जो उन्होंने सुझाव दिया, मुझे लगता है कि सरकार को इसे मान लेना चाहिए। आने वाले दिनों में इस रिजोल्यूशन को, हालाँकि आज यह एक व्यक्तिगत या प्राइवेट रिजोल्यूशन है, सरकारी रिजोल्यूशन के हिसाब से मान लिया जाए। मैं इसका पुरजोर समर्थन करते हुए अपना वक्तव्य समाप्त करता हूँ। धन्यवाद।

(समाप्त)

उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र): श्री आर0सी0 सिंह।... उपस्थित नहीं हैं। श्री राजनीति प्रसाद।

श्री राजनीति प्रसाद (बिहार): महोदय, सबसे पहले तो मैं श्री एन0के0 सिंह जी को, जो पहले एडमिनिस्ट्रेशन में भी थे और अभी हमारे यहाँ सदस्य हैं, धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने एक बहुत गम्भीर रिजोल्यूशन यहाँ दिया है। Apart from other considerations, मैं उसका समर्थन करता हूँ।

सर, यह पर्यावरण का जो विषय है वह आदमी के जीवन से जुड़ा हुआ है। कभी-कभी मुझे ऐसा लगता है कि हम जिस जगह में जी रहे हैं, अगर वहाँ का पर्यावरण स्वच्छ नहीं है तो वह आदमी के अन्दर डिजीज़ पैदा करता है, बीमारियाँ पैदा कर देता है। वह ऐसी बीमारियाँ पैदा करता है कि फिर उसका कोई उपाय नहीं निकलता है, इसलिए पर्यावरण के लिए हम लोगों को अलग से कुछ करना चाहिए। जैसा श्री एन0के0 सिंह जी ने कहा, सर, गाँवों में आप जाकर देखिए। हमारा देश गाँवों का देश है, यह शहरों का देश ज्यादा नहीं है। वहाँ लोग मॉर्निंग में शौच के लिए बाहर जाते हैं। एक बार हम कहीं दौरे पर गए थे, तो वहाँ हमें एक वैज्ञानिक मिले। उन्होंने कहा कि अगर किसी गाँव में एक आदमी भी खुले में शौच करता है तो वहाँ का पर्यावरण प्रदूषित हो जाता है। आप कोई ऐसा गाँव बताइए जहाँ पर ऐसा नहीं होता है। अभी जैसा इन्होंने कहा कि इसके बारे में गाँवों में पंचायत लेवल पर हम लोगों को कुछ ऐसा करना चाहिए कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए उनको भी कुछ अधिकार देना चाहिए, उनको भी फंडिंग देनी चाहिए, ताकि अगर कहीं शौचालय बनना है तो वे वहाँ शौचालय बनाएँ, लोग खुले में शौच नहीं करें। इसके बारे में हमें विचार करना पड़ेगा। वहाँ यह एक समस्या है। उन्होंने कहा था कि अगर एक भी गाँव में एक भी जगह पर इस तरह से खुले में शौच होता है, तो उससे पूरा पर्यावरण प्रदूषित हो जाता है।

(3बी/डी0एस0 पर क्रमशः)

-PSV/DS-KSK/4.00/3b

श्री राजनीति प्रसाद (क्रमागत): तो क्या हम 63 सालों में भी ऐसी व्यवस्था नहीं कर पाये? आज भी गांवों में हमारी जो माताएँ और बहनें हैं या हमारे जो लोग हैं, वे पर्यावरण का क्या

ख्याल करते हैं? रमेश जी वहाँ चले गये और वहाँ क्या-क्या करके आ गये, लेकिन हिन्दुस्तान में पर्यावरण की जो समस्या है, उसके बारे में इन्होंने क्या किया? हिन्दुस्तान में आप कर सकते हैं। आप एक दिन में कानून बना सकते हैं। गांवों में महिलाओं, बुजुर्गों और लोगों के लिए आप पर्यावरण का निर्देश कर सकते हैं। आपने किया, लेकिन करने के बाद क्या हुआ? आपने जो पैसा शौचालय बनाने के लिए भेजा, वह शौचालय बनाने में यूज़ नहीं हुआ। अगर बनाया भी गया तो घटिया तरीके का बना दिया गया। अगर बनाया भी तो उसका ठीक ढंग से इस्तेमाल नहीं हुआ।

सर, मैं एक दौरे पर गया था। मैं मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि बिहार में एक जगह है, लखीसराय, आपने नाम सुना होगा। मैं जब वहाँ मीटिंग कर रहा था तो लोगों ने कहा कि बगल में किउल नदी बहती है। उन्होंने कहा कि वह बहुत बढ़िया नदी है, लेकिन 50 वर्षों से हमें मीठा पानी नहीं मिला है। यानी, चापाकल से भी मीठा पानी नहीं आता है। यह क्या होगा? हम लोगों को तो मिनरल वॉटर पीने की आदत हो गयी है। यहाँ भी हम लोग मिनरल वॉटर पीते हैं और ट्रेन में भी मिनरल वॉटर ही पीते हैं। पहले ट्रेनों में "पानी पाँड़े" होते थे, जो बाल्टी में पानी लाकर पिलाते थे। वे कहते थे, "लीजिए, पानी पीजो, पानी पीजो।" अब तो कोई भी मिनरल वॉटर 10-12 रुपये से कम में मिलता ही नहीं है। जो मिनरल वॉटर होता है, उसमें तो कोई जाता ही नहीं है। सर, समस्या यह है कि पहले तो जंगल को उखाड़ो और उसके बाद जंगल लगाओ। सारे जंगल उखड़ गए, खत्म हो गए। ये जंगल उखड़ जाते हैं और लगते हैं, तो पर्यावरण की यह एक समस्या है। मैंने जो बात कही है, वह remote village में जाकर कहा है। इसके बारे में जरूर विचार करना चाहिए।

मैं एक बात और कहना चाहता हूँ कि अगर आप इस पर ध्यान नहीं देंगे तो पर्यावरण को आप चाहे कितना भी खूबसूरत बना लें, आप चाहे कितना भी फंडिंग कर लें, लेकिन अगर यह समस्या नहीं सुधरेगी तो हमारे ख्याल से बहुत कुछ नहीं हो पाएगा। इसलिए पर्यावरण की जो समस्या है और इसके लिए एन.के. सिंह साहब ने जो बिल लाया है, मैं चाहता हूँ कि ऐसा

इंतजाम किया जाए जिससे लोगों को राहत मिले और फिर हम लोग पर्यावरण के लिए आगे अच्छा सोच सकें। धन्यवाद।

(समाप्त)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (NOMINATED): Sir, I rise to broadly endorse the approach indicated in the Resolution moved by my own college friend and present Rajya Sabha companion, Shri N.K. Singh. But, as it has been indicated by earlier speakers, we will be able to operationalise such a resolution only if the Government were to accept it in principle and convert it into a Government resolution. I am a bit concerned as to whether the concerns of the present Government, the immediately preceding one, totally match the requirement of what needs to be done to operationalise the broad approach indicated by Shri N.K. Singh. We are very fortunate that at this moment, we have with us here in the House two key Ministers who have been concerned with this issue - one, the former Minister of Science and Technology who was responsible for the National Policy on Climate Change, and second, the present Minister for Environment and Forests. Sir, it is only if we are able to bring the proposals made by Shri N.K. Singh within the framework of the National Policy on Climate Change and adapt that policy in accordance with the realities of our country, plus ensure that the endeavours of present Minister of Environment and Forests to access the third source of funds, that was mentioned by Shri N.K. Singh, namely, external financing, meet the requirements of our country, that the intentions that are expressed in this Resolution will be translated into effective action on the ground.

(continued by 3c - gsp)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (CONTD.): And, on both these considerations, I think, a great deal more needs to be done. First and the foremost, Sir, the National Policy on Climate Change does not give adequate space for the point that was being stressed by Shri Sudarsana Natchiappan that there is not an adequate involvement of local communities in ensuring that action is taken in communities, in villages, at the grassroots to combat (a) climate change itself, and, (b) the consequences of climate change. This inadequate attention to the delivery mechanism for any fund including the fund proposed by Shri Nand Kishore Singh is really at the root of all the problems that our country faces.

To illustrate how serious is this issue, may I draw the attention of the House to the fact that in 1994, when the total Central Government outlays on social sector and anti-poverty programmes was no more than Rs. 7,600 crore, India's position on the UN Human Development Index was 134. Over the next 15 years, at least, in nominal terms, the Central Government outlays on social sector and poverty alleviation programmes rose by a factor of 15, and, is today of the order of Rs. 1,35,000 crore compared to Rs. 7,600 crore just fifteen or sixteen years ago, and, yet, what is India's position on the UN Human Development Index. Tragically, exactly the same what it was fifteen years ago, it is 134. And, indeed the immediate consequence of economic reforms resulting in larger Government revenues, and, therefore, larger outlays on social sector and anti-poverty programmes, was that in 1977, we actually sank from position 134 to position 138. So, in these circumstances, it is abundantly clear to me, as it should be to the

House and to the country, and, it should be the central concern of our nation, that outcomes bear no relationship whatsoever to outlays, and, that is simply because we continue to be governed by a totally colonial mentality, which believes that the service to which Shri N.K. Singh belonged, the Indian Administrative Service, and, the one to which I too belonged, that is, the Indian Foreign Service, that these are models for the delivery of development. They are simply not. They were inventions of the colonial authority for collecting revenue and maintaining law and order, not for the delivery of development. Although at the start of Independence, we believed that we can adapt that steel frame to be able to deliver the development, the ugly truth is that the steel frame is rusted. It has proved itself to be an iron frame, totally incapable of doing the job of development, and, therefore, the only way of delivering any kind of development, including the fund that is referred to in this Resolution, would be to shift away from bureaucratic delivery mechanisms to relying entirely on communities, which are empowered with functions, finances and functionaries to do the job for themselves.

The present National Policy on Climate Change vaguely acknowledges that this might be so but is not adequately elaborated in this regard. And, the excuse always made is -- and, I stress that it is an excuse because I have heard that excuse again this morning during the Question Hour -- that Panchayati Raj is the responsibility of States; so beyond reminding them that there is a Constitutional obligation, there is nothing further that we can do.

(Contd. by SK-3D)

